दिनांक 21.09.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बारिश में नालियों की सफाई में जुटा निगम का अमला

भिलाई/ नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग का अमला बारिश में साफ-सफाई में जुटा रहा। सफाई कामगार सुबह से हो बारिश मेें डोर टू डोर कचरा एकत्र करने के कार्य को जारी रखा ! कचरे की वजह से नाला-नालियां जाम न हो इस बात का ध्यान रखते हुए छोटे नाला-नालियों के पुल-पुलिया में फंसे हुए कचरे को निकालने का कार्य किया। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी जोन आयुक्त और बाढ़ राहत आपदा टीम को बारिश के दौरान अलर्ट रहने के साथ ही वार्डों का निरीक्षण कर जल जमाव और निकासी की समस्या का त्वरित निराकरण के करने निर्देश दिए थे। आयुक्त के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्डों का निरीक्षण कर नाला-नालियों की सफाई किया। जोन- 4 के स्वच्छता निरीक्षक महेश पाण्डेय ने बताया कि सफाई कर्मी सुबह पावर हाउस बस स्टैंड की नालियों में फंसे पालीथिन, थर्माकोल, प्लास्टिक के कचरे को निकालने का कार्य किया। इससे कहीं पर भी जाम की स्थिति नहीं बनी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड 29-30 के सिगड़ी मोहल्ला पुलिया, प्रगति मार्केट पुलिया, वार्ड-31 बड़े नाला पुलिया, वार्ड 38 के तेलहा नाला पुलिया, आरएसएस मार्केट, छावनी शंकर नगर, मंगल बाजार बापूनगर पुलिया , वार्ड-33 में बैक लाइन की सफाई और वार्ड 32 सरदार मोहल्ला सहित निचली बस्तियों का निरीक्षण कर सफाई की गई। इसी प्रकार जोन- 1 की टीम ने लक्ष्मी मार्केट सुपेला , संजय नगर सुपेला, आकाश गंगा, सुधीर एक्सरे से टाटा मोटर्स तक, राजीव नगर से रमन मोहल्ला, पीली मिट्टी चौक और कुम्हार पारा से टाटा मोटर्स , अग्रसेन सेन चौक से केपीएस स्कूल रोड की नालियों से कचरा निकालने का कार्य किया। जोन- 2 के स्वच्छता अधिकारी अनिल मिश्रा की टीम ने गोल मार्केट , घासीदास नगर मार्केट की नालियों में फंसे पालीथिन , प्लास्टिक और कचरे की सफाई कर निकासी व्यवस्था बनाई। जोन-3 की टीम ने चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज, संतोषी पारा नाला, तेलहा नाला, कर्मा कॉलोनी, श्याम नगर तालाब के किनारे नाला का जायजा लिया। कहीं भी जाम की स्थिति नहीं बनीं।